# मेवाड़ विश्वविद्यालय में अंक ज्योतिष की राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित

**▪दास्तानें भीलवाड़ा @ भीलवाड़ा**



चित्तौड़गढ़। मेवाड़ विश्वविद्यालय में अंक ज्योतिष की राष्ट्रीय सेमिनार का भव्य आयोजन सम्पन्न हुआ। जिसमें विभिन्न प्रान्तों के विद्यार्थियों एवं अंक ज्योतिषाचार्यों ने भाग लिया तथा अपने व्याख्यान प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का प्रारम्भ में मेवाड़ विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति आलोक मिश्रा ने माँ सरस्वती को दीप प्रज्जवलित एवं माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर वेद मंत्रों का भी उच्चारण कर सेमिनार का आगाज किया गया।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए ज्योतिष विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. ओम प्रकाश शर्मा ने बताया कि मेवाड विश्वविद्यालय गत पांच वर्षो से अनवरण ज्योतिषशास्त्र, अंकशास्त्र, हस्तरेखा एवं अन्य विधाओं के अध्ययन अध्यापन का कार्य संपादित करता आ रहा है। अब तक विभाग द्वारा अनेक छात्र-छात्राओं को इस गूढ़ विद्या का गुणात्मक अध्ययन करवाया गया है, अनेक विद्यार्थियों को शोध की डिग्रियां भी विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान की गई है, जो आज सफलतापूर्वक ज्योतिष के कार्य को स्वरोजगार के रूप में अपना कर अपना दैनिक रोजगार प्राप्त कर रहे है।। इस अवसर पर अन्तर्राष्ट्रीय सितार वादक डॉ. त्रिगुणातीत जैमिनी ने संगीत एवं अंक ज्योतिष के गहन सम्बन्ध को बताते हुए अवगत कराया।

मुख्य वक्ता के रूप में उद्बोधन देते हुए कुलपति माननीय आलोक मिश्रा ने कहा कि ज्योतिष प्रकाश का रूप है, जो व्यक्ति के जीवन में भूत, भविष्य एवं वर्तमान में घटने वाली घटनाओं की सटीक जानकारी देता है। जीवन को सफल बनाने के लिए सही मार्ग चाहिए और सही मार्ग बताने का कार्य ज्योर्तिविज्ञान करता है। उन्होनें बताया कि जिस प्रकार अंधेरे में टॉर्च रास्ता दिखाता है उसी प्रकार ज्योर्तिविज्ञान मानव का सही मार्गदर्शक है। ज्योतिष मानव कल्याण का विषय है। अंत में हॉल में उपस्थित जनों ने शंका समाधान हेतु प्रश्न किए जिसके समुचित प्रत्युत्तर माननीय कुलपति, डॉ.ओम प्रकाश शर्मा, एवं डॉ. अंजना जोशी ने दिए। कार्यक्रम में सभी रजिस्ट्रार, डीन, विभागाध्यक्ष एवं फेकल्टी मेम्बर सहित विद्यार्थीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सहभागिता देने वाले 112 विद्धानों को प्रमाण पत्र भी जारी किए गए।

मेवाड़ विश्वविद्यालय में अंक ज्योतिष की राष्ट्रीय सेमिनार का भव्य आयोजन

# जिस प्रकार अंधेरे में टॉर्च रास्ता दिखाता है उसी प्रकार ज्योर्तिविज्ञान मानव का सही मार्गदर्शक है- कुलपति प्रो. मिश्रा



(चमकता राजस्थान) चित्तौड़गढ़(लाइव रिपोर्ट- अमित कुमार चेचानी)। मेवाड़ विश्वविद्यालय में अंक ज्योतिष की राष्ट्रीय सेमिनार का भव्य आयोजन सम्पन्न हुआ। जिसमें विभिन्न प्रान्तों के विद्यार्थियों एवं अंक ज्योतिषाचार्यों ने भाग लिया तथा अपने व्याख्यान प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का प्रारम्भ में मेवाड़ विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति आलोक मिश्रा ने माँ सरस्वती को दीप प्रज्ज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर वेद मंत्रों का भी उच्चारण कर सेमिनार का आगाज किया गया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए ज्योतिष विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. ओम प्रकाश शर्मा ने बताया कि मेवाड विश्वविद्यालय गत पांच वर्षों से अनवरण ज्योतिषशास्त्र, अंकशास्त्र, हस्तरेखा एवं अन्य विधाओं के अध्ययन अध्यापन का कार्य संपादित करता आ रहा है। अब तक विभाग द्वारा अनेक छात्र-छात्राओं को इस गूढ़ विद्या का गुणात्मक अध्ययन करवाया गया है, अनेक विद्यार्थियों को शोध की डिग्रियां भी विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान की गई है, जो आज सफलतापूर्वक ज्योतिष के कार्य को स्वरोजगार के रूप में अपना कर अपना दैनिक रोजगार प्राप्त कर रहे है।।